# न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, चित्तौड़गढ़

## पीठासीन अधिकारी– अभिषेक गोयल (आर.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
| --- | --- | --- |
| 095/2023 (GCMS 2023/95) | 13.07.2023 | 11.08.2023 |

**उनवान**

सरकार जरिये प्रेम चन्द शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चित्तौड़गढ़ (राज.)

**प्रार्थी**

**बनाम**

1–ओनाड़ गुर्जर पुत्र हरि किशन गुर्जर मैसर्स मातेश्वरी फीका मावा भण्डार, जनकपुरी महाराणा सेतु मार्ग चित्तौड़गढ़ (राज.)

2–Ishika Dulani W/o Jay Kumar M/S. Mahadev Enterprises, Shop No. 14, Hari Om Colony, Near Arya Samaj Mandir, Kuber Nagar, Ahmedabad-382340 Gujrat

3– Kamal Motiyani M/s. Shree Ji Products, Revenue survey No. 464, Opp. Aadharshila School, Valad, Gandhi Nagar Gujrat-382355

**अप्रार्थीगण**

**–:: जुर्म अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2(ii) एफएसएस एक्ट 2006 नियम 2011 ::–**

**–:: निर्णय ::–**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेम चन्द शर्मा ने परिवाद अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2(ii) के तहत विरूद्ध अप्रार्थीगण के प्रस्तुत कर निवेदन किया कि इन्हें राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित गजट नोटिफिकेशन दिनांक क्रमांक एच/पीएफए/नोटिफिकेशन/2011/440 दिनांक 25.07.2011 के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान के आदेश क्रमांक खा.सु.एवं औ. नि./संस्था/2022/3022 दिनांक 16.09.2022 के

